


नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025



## एक नजर

### न्यायालय परिसर में कार्डियो प्रशिक्षण का आयोजन

**इटारसी, 13 अक्टूबर** आपातकालीन स्थितियों में तुरंत जीवन बचाने की तकनीक को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय, इटारसी द्वारा न्यायालय परिसर में कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. राकेश चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का संचालन निश्चेतना एवं गहन चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश योना ने अपनी टीम के साथ किया, जिसमें सिस्टर मेबिल सिंह और सिस्टर रंजना ग्लेडविन ने सक्रिय सहयोग दिया। इस विशेष सत्र का मुख्य फोकस कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में बिना देर किए प्राथमिक उपचार प्रदान करने और अमूल्य जीवन को बचाने की तकनीकों पर रहा। प्रशिक्षण में मुख्य न्यायाधीश, अधिवक्तागण और न्यायालय परिसर में मौजूद अनेक नागरिकों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों ने न केवल व्याख्यान को ध्यान से सुना, बल्कि हैंड्स-ऑन अभ्यास में भी उत्साह दिखाया। इस व्यावहारिक अभ्यास ने सभी प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थिति में बिना घबराए, सही तकनीक का उपयोग करने में सक्षम बनाया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. योना ने विस्तार से बताया कि कैसे सीपीआर की मदद से हृदय गति रुकने पर मस्तिष्क और अन्य महत्वपूर्ण अंगों तक रक्त परिसंचरण को बनाए रखा जा सकता है, जो अस्पताल पहुंचने तक की अवधि में जीवन बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। न्यायालय परिसर में इस तरह के जीवन रक्षक प्रशिक्षण का आयोजन एक अनुकरणीय कदम माना जा रहा है। यह पहल न केवल न्यायिक और कानूनी समुदाय को आपात स्थिति के लिए तैयार करती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि जीवन रक्षक कौशल सीखना हर नागरिक के लिए कितना आवश्यक है। चिकित्सालय प्रशासन की यह पहल त्वरित चिकित्सा सहायता के महत्व को जनता तक पहुंचाने और अधिकाधिक लोगों को प्रशिक्षित कर एक सुरक्षित समाज के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# सागौन एवं बारहसिंघा सींग के साथ एक गिरफ्तार

## वन विभाग की टीम ने सनखेड़ा नाका के पास से आरोपी को पकड़ा





वन विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक मकान में बड़ी मात्रा में सागौन की चरपट (लकड़ी के टुकड़े) अवैध रूप से रखी हुई है। सूचना के आधार पर टीम ने मकान में दबिश दी।

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 13 अक्टूबर 2025** वन विभाग की टीम ने आज अवैध वन्यजीव उत्पाद और बेशकीमती लकड़ी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुरानी इटारसी सनखेड़ा नाका सड़क के पास नीतेश पटेल के मकान में दबिश देकर की गई। इसमें रजत नामक एक अन्य भी शामिल है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वन विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक मकान में बड़ी मात्रा में सागौन की चरपट (लकड़ी के टुकड़े) अवैध रूप से रखी हुई है। सूचना के आधार पर टीम ने मकान में दबिश दी। मौके पर तलाशी के दौरान टीम को करीब 25 सागौन की चरपट बरामद हुई।

जब टीम ने मकान में गहन तलाशी ली, तो उन्हें एक बोरी में छिपाकर रखे गए सांभर के चार सींग भी मिले, जो वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत अवैध हैं। वन विभाग की टीम ने सभी जब्त सामग्री को कब्जे में ले लिया है और आरोपी को गिरफ्तार करके वन नाका बाघदेव लाया गया है। वन विभाग की टीम आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम और वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज करने की आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर रही है। यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध लकड़ी कटाई और वन्य जीव तस्करी पर लगाम लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी.

## रोजगार एवं स्वरोजगार मेला सम्पन्न

**नर्मदापुरम/13,अक्टूबर,2025** / कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशन में शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम में 13 अक्टूबर को रोजगार एवं स्वरोजगार मेला सफलतापूर्वक समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि श्री दर्शन सिंह चौधरी लोकसभा सांसद एवं श्री पीयूष शर्मा म.प्र. तैराकी संघ अध्यक्ष एवं श्री लक्ष्मण सिंह बैस एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद द्वारा छात्र - छात्राओं को संबोधित कर रोजगार एवं स्वरोजगार मेले की जानकारी दी गयी एवं शासकीय योजनाओं से भी अगवत कराया गया.

# एलकेजी शो रूम पर जीएसटी की रेड, सराफा व्यापारियों में मची हड़कंप

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 13 अक्टूबर** दीपावली त्यौहार के दौरान चाहे खाद विभाग हो या अन्य कोई विभाग वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिये व्यापारियों पर छापा डालते हैं. ऐसा ही आज शहर के एलकेजी ज्वेलर्स पर जीएसटी विभाग ने आकर छापे की कार्यवाही की. सूत्रों ने बताया कि टैक्स में कमी को देखते हुए विभाग ने सारे दस्तावेज खंगाले. बताया जाता है कि, बिजनिस तो कागजों में बहुत अधिक रूपयों का बताया गया है लेकिन सरकार के टैक्स में चोरी करते हुए कम से कम टैक्स भरने का प्रयास किया है. सूत्रों की माने तो जो भी कार्यवाही हुई है उसके सारे दस्तावेज जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने अपने साथ ले गये हैं. उनकी जांच करने के उपरांत यह निष्किर्ष निकलेगा कि उक्त शो रूम पर कितने रूपये की टैक्स चोरी हुई है और शासकीय दस्तावेजों में हेराफेरी करने की कोशिश भी हुई है. जैसे ही आज दोपहर को जब सराफा लाईन में जीएसटी विभाग के अधिकारी कर्मचारी आए तो व्यापारियों में हडकंप मच गया था.बताया जाता है कि, कार्यवाही के दौरान कुछ मादक पदार्थ भी मिलने की संभावना जताई जा रही है. लेकिन जब उन्हें पता चला कि यह छापा एलकेजी ज्वेलर्स और एलकेजी कालोनी स्थित एलकेजी आफिस में भी छापा डाला गया था.



### शासकीय कार्यालय में ई आफिस प्रणाली संचालन हो

**नर्मदापुरम/** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन,जनसुनवाई, सीपीग्राम, समाधान ऑनलाइन, न्यायालयों/आयोगों में लंबित प्रकरण, ज़िला अधिकारियों द्वारा स्कूल/हॉस्टल/आंगनबाड़ी/स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण, ई ऑफिस, समग्र द्व्व4ष्ठ अभियान, भावांतर योजना प्रगति, खाद वितरण, उपार्जन भुगतान तथा वर्षा पश्चात सड़कों की मरम्मत सहित अन्य योजनाओं एवं अभियानों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाइन, जनसुनवाई, सीपीग्राम, समाधान ऑनलाइन में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए की कोई भी विभाग डी ग्रेड में ना रहे। विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि आगामी एक सप्ताह में अपनी ग्रेडिंग में सुधार लाकर ए ग्रेड में स्थान प्राप्त करें। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी यह ध्यान दें कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत अनअटेंडेड ना रखें। सभी शिकायतों पर आवश्यक कार्यवाही विवरण अंकित किया जाए। उन्होंने सिवनी मालवा तहसील के काम प्रगति प्रतिशत होने पर असंतोष व्यक्त किया एवं निर्देश दिए की आगामी एक सप्ताह में शिकायतों के निराकरण में अपेक्षाकृत प्रगति लाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# नापतौल विभाग द्वारा किया गया बाजार का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम13,अक्टूबर,2025** कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी के निर्देश और दीपावली के समय चलाए जा रहे हैं. विशेष अभियान के तहत सोमवार को नर्मदापुरम जिले में सहायक नियंत्रक नापतोल विभाग सलिल ल्यूक द्वारा बाजार का निरीक्षण किया गया। जिसमें मालखेड़ी चौराहा पर तीन हार्डवेयर दुकान, पेंट की दुकान, मीनाक्षी चौराहे पर दो मिठाई की दुकान राजस्थान मिष्ठान भंडार एवं बीकानेर स्वीट्स और मालखेड़ी रोड पर रिलायंस सुपर बाजार सहित दो मॉल जांच में तीन प्रकरण दर्ज किए गए। जिसमें



थिनर की बोतल और डिस्टेंपर कर पैकेट पर पैकेज नियम 2011 नियम 6 के अंतर्गत घोषणा न पाए जाने पर कार्रवाई की गई।

**पिपरिया.** पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत रेल्वे स्टेशन पर 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो दवा पिलाई गई। रेल्वे स्टेशन पर 73 बच्चो को दवा पिलाई।

## केंद्रीय राज्य मंत्री श्री उइके आज प्रवास पर

**नर्मदापुरम/13,अक्टूबर,2025** / केंद्रीय राज्य मंत्री जनजाति कार्य विभाग श्री दुर्गादास उइके 14 अक्टूबर मंगलवार को दोपहर 01.30 बजे नर्मदापुरम आएंगे। मंत्री श्री उइके दोपहर 02.00 बजे आत्मनिर्भर भारत अभियान, विधानसभा स्तरीय सम्मेलन माखन नगर जिला नर्मदापुरम में सम्मिलित होंगे। तदोउरांत श्री उइके सायं 04.00 बजे आत्मनिर्भर भारत अभियान, विधानसभा स्तरीय धर्मशाला पिपरिया में शामिल होंगे। एवं रात्रि 08.00 बजे सांसद मेला 2025 अंतर्गत कवि सम्मेलन में सम्मलित होंगे.

# बिजली बिल का बकाया होने पर सनखेड़ा ग्राम की बिजली काटी

उन उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जो समय पर अपना बिजली बिल जमा करते रहे हैं। डिफाल्टर उपभोक्ताओं की लापरवाही का खामियाजा पूरे गांव को उठाना पड़ रहा है।

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 13 अक्टूबर** बिजली बिल का भारी बकाया होने के कारण बिजली विभाग ने आज सनखेड़ा ग्राम की बिजली आपूर्ति काट दी है, जिससे गांव में अंधेरा छा गया है और यह त्योहारों से पहले चर्चा का मुख्य विषय बन गया है। बिजली विभाग के अनुसार, सनखेड़ा ग्राम के घरेलू उपभोक्ताओं पर 26 लाख रुपये से भी अधिक का बिजली बिल बकाया है। इतनी बड़ी राशि बकाया होने के कारण विभाग को यह सख्त कदम उठाना पड़ा। गांव में लाइट कटने के बाद, ग्राम कोटवार जयनारायण बामनिया ने डोंडी पीटकर (पारंपरिक रूप से मुनादी करके) सनखेड़ा वासियों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से शीघ्र बिजली बिल जमा करने का आग्रह किया ताकि बिजली आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल किया जा सके। इस कार्रवाई से, उन उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जो समय पर अपना बिजली बिल जमा करते रहे हैं। डिफाल्टर उपभोक्ताओं की लापरवाही का खामियाजा पूरे गांव को उठाना पड़ रहा है। त्योहार से ठीक पहले बिजली काटे जाने से ग्रामीण खासे परेशान हैं और जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

# अभियान के दूसरे दिन 22153 बच्चों को पिलाई दवा

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम/13,अक्टूबर,2025** /नर्मदापुरम जिले में 12 अक्टूबर से प्रारंभ हुये राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम के छूटे हुये बच्चों को दूसरे दिन 13 अक्टूबर शनिवार को पोलियो टीम द्वारा घर घर जाकर हाउस मार्किंग करते हुये बच्चों को पोलियो खुराक दी। सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत द्वारा बताया गया कि आज पोलियो टीम द्वारा घरों घर तथा मोबाइल टीम द्वारा ईंट भट्टा, वेयरहाउस, निर्माण स्थलों, हाईरिस्क क्षेत्रों प्ले स्कूलों में तथा घुमंतु आबादी एरिया में 0 से 5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो दवा पिलाई गई। राज्य स्तर से इंजीनियर विपिन श्रीवास्तव उप संचालक कोल्ड चैन एवं संजीव पाँडे प्रोजेक्ट



ऑफीसर द्वारा जिले में चल रहे पोलियो अभियान में फील्ड एरिया ईंट भट्टा मोहारी, वेयरहाउस रैसलपुर में पोलियो टीकाकरण कार्य का सत्यापन किया एवं पोलियो दल तथा समुदाय से पोलियो टीकाकरण कार्य की जानकारी ली। जिला कोल्ड चैन कक्ष में सायंकालीन बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सीएमएचओ एवं डीआईओ को पल्स पोलियो के लक्ष्य को शत प्रतिशत उपलब्धि हेतु, मॉनीटॅरिंग फीडबैक में आई कमियों को दूर करने के निर्देश दिये गए।

# सिराली नप अध्यक्ष के खिलाफ तेरह पार्षद कलेक्ट्रेट पहुंचे

**नवभारत न्यूज**

**हरदा** जिले की सिराली नगर परिषद में अध्यक्ष और पार्षदों के बीच जारी गतिरोध कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को नगर परिषद के 13 पार्षद अपना इस्तीफा देने हरदा कलेक्ट्रेट पहुंचे। इन पार्षदों ने हरदा से कांग्रेस विधायक डॉ. आर. के. दोगने और कांग्रेस के जिला प्रवक्ता आदित्य गार्गव के साथ कलेक्टर सिद्धार्थ जैन से उनके चैंबर में मुलाकात की। इस घटनाक्रम को जिले की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर माना जा रहा है। हरदा विधायक डॉ. आर. के. दोगने ने बताया कि सिराली नगर परिषद के 10 भाजपा और तीन कांग्रेस पार्षद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए थे। उन्होंने इन पार्षदों को कलेक्टर से मिलवाया है। कलेक्टर ने अपर कलेक्टर (एडीएम) पुरुषोत्तम कुमार को पार्षदों का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। सत्यापन के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। चर्चा का विषय यह भी है कि हरदा के विधायक दोगने तो पार्षदों के साथ दिखाई दिए.

## पेंशनरो द्वारा दिवाली पूर्व 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग

**माखन नगर** पेंशनर बेल फेयर एसोसिएशन नर्मदा पुरम तहसील शाखा माखन नगर द्वारा आज एक ज्ञापन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार माखन नगर को सौंपा जिसमें दीपावली के पूर्व 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग की गई है अभी तक पेंशनइरों को 53प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है जबकी राज्य के कर्मचारियों को 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता का भुगतान किया जा रहा है इस विसंगती को लेकर पेंशनरों के बीच में असंतोष व्याप्त है उन्होंने ज्ञापन में शासन से मांग की है दीपावली के पूर्व 2 प्रतिशत मंहगाई देने की मांग की है

# भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय में युवा उत्सव संपन्न



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 13 अक्टूबर** भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में सत्र 2025-26 की युवा उत्सव प्रतियोगिताओं का तीन दिवसीय रंगारंग आयोजन आज संपन्न हो गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत ने इस अवसर पर कहा कि युवा उत्सव अपनी प्रतिभा निखारने का मंच होता है और यह युवाओं को पढ़ाई के अलावा अन्य क्षेत्रों में आगे बढने का अवसर देता है। प्राचार्य डॉ. राजपूत के मार्गदर्शन और श्रीमती संध्या उपाध्याय (युवा उत्सव कार्यक्रम प्रभारी) के नेतृत्व में, मेहंदी, रंगोली, एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य, क्ले मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग, और लोक नृत्य जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**ये रहे प्रमुख विजेता** - एकल गायन में नेहा नर्रे, क्ले मॉडलिंग में संजना नागवंशी, भाषण प्रतियोगिता में दिलीप, पोस्टर मेकिंग में नेहा धुव, भारतीय ज्ञान परंपरा (कार्टूनिंग) में शिवानी धुर्वे, वाद विवाद प्रतियोगिता (पक्ष) में रितु मालवीय, वाद विवाद प्रतियोगिता (विपक्ष) में मोनिका बानिया, प्रश्न मंच में महिमा कमरे और साथी विजेता रहे। विजेता छात्र-छात्राओं को अब जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा।

## पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत पिलाई दवा

**पिपरिया.** पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत 203 केन्द्रो पर बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई गई।शासकीय अस्पताल बी एम ओ ऋचा कटकवार के नेतृत्व में 203 केन्द्रो पर बच्चो को पोलियो दवा पिलाने के लिये व्यवस्था की गई। रविवार शाम तक 12 हजार बच्चो को दवा पिलाई गई। बीईई पूरनलाल मेहरा ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमे घर घर पहुंचकर जो बच्चे पोलियो की दवा पीने से शेष रह गये थे दवा पिलाई जावेगी।

# बीएचआरसी ग्रुप ने किया सफाईकर्मियों का सम्मान




**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 13 अक्टूबर** बघेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर हरदा में सोमवार को दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वदेशी अपनाओ-देश को समृद्ध बनाओ थीम के आधार पर आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका हरदा में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। बीएचआरसी ग्रुप के डायरेक्टर डॉ विशाल सिंह बघेल ने कहा कि नगर में साफ सफाई की व्यवस्था बनाए रखने में एवं समाज को स्वच्छ तथा स्वस्थ बनाए रखने में सफाईकर्मियों की भूमिका सर्वोपरि है। इस दौरान स्वदेशी मेला के प्रांत सहप्रमुख रामविलास पटेल, जिला संयोजक नरेंद्र राठी, स्वदेशी जागरण मंच (महिला) के संयोजक योगमाया शर्मा, गहन चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ सुनीत गौर उपस्थित रहे। सफाई दरोगा किरण राठौर की उपस्थिति में सफाई कर्मचारी को स्वदेशी वस्तुएं भी उपहार स्वरूप भेंट की। अतिथियों ने कहा कि अपने ही देश में बनी वस्तुओं को अपनाकर हम देश की अर्थव्यवस्था को समृद्ध बना सकते हैं जिससे हमारा राष्ट्र और देश के लोग प्रगति करेंगे। इस अवसर पर डॉ बघेल ने उपस्थित सभी जनों को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने तथा क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

# कक्कूजी तिवारी वाचनालय पुन: होगा प्रारंभ




**नवभारत न्यूज**

**इटारसी।** विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने नगर पालिका इटारसी के माध्यम से वरिष्ठ नागरिक संघ पुरानी इटारसी को नए कार्यालय की सौगात दी गई। नगर के प्रथम नागरिक एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज फीता काटकर तथा राम दरबार में पूजा माल्यार्पण कर इसका शुभारंभ किया। वरिष्ठ नागरिक संघ पुरानी इटारसी को सौंपे गए इस कार्यालय में वरिष्ठ शिक्षाविद स्व. कक्कूजी तिवारी स्मृति वाचनालय भी पुनः प्रारंभ होगा जो विगत पांच वर्षों से बंद था। नए कार्यालय में विशेष पूजन अर्चन के साथ कलश स्थापना कर राम दरबार सजाया एवं सुंदरकांड का पाठ संघ के वरिष्ठ साथियों ने किया। इस अवसर पर नवदुर्गा महोत्सव में स्थापित विशेष प्रतिमा पंडाल समितियों को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज चौरे ने प्रदान किए।

**इनको किया पुरस्कृत** - नवदुर्गा शक्ति समिति सनखेड़ा नाका को प्रथम बमलहरी क्लब को द्वितीय, विदित रावत साईं समिति को तृतीय स्थान हेतु सम्मानित किया। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव अंजनि क्लब एवं साईं दत्तमंदिर शिवराजपुरी को प्रोत्साहन हेतु पुरस्कृत किया। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वरिष्ठ नागरिकों को समाज की धरोहर बताते हुए उनके अनुभव से नई पीढ़ी को लाभ मिलने की अपेक्षा की तथा यहां अन्य सुधार और सुविधाओं का आश्वासन दिया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अशोक कुमार दुबे ने दिया, संचालन एम एल पटेल ने किया, सचिव जीडी पाटिल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक संघ पुरानी इटारसी के अध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, सचिव जीडी पाटिल, संरक्षक डॉ अनिरुद्ध कुमार शुक्ला, एपी चौधरी उपस्थित रहे।

## हथवांस में पथ संचलन निकाला

**पिपरिया** हथवांस में पथ संचलन निकाला गया। हथवांस में सीताराम मंदिर हथवांस से रामजी बाबा मंदिर होते हुए ग्राम के प्रमुख मार्गो से होकर पथ संचलन सीताराम मंदिर पहुंचा। पथ संचलन के अवसर पर भारी तादाद में स्वयं सेवक शामिल थे। इस अवसर पर देवेश तोमर,कामता प्रसाद बादल,ठाकुर प्रसाद दुबे,पूर्व जिलासतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय, अर्चना अनिल साहू, खापरखेडा मंडल अध्यक्ष राजा भैया पटेल,धर्मेन्द्र राय,लखन राय सहित ग्रामीणो ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# पटवारी की लापरवाही से किसानों को मुआवजा में होगी दिक्कत

कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों की फसल सर्वे को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**हरदा** जिले के किसानों की फसलों के सर्वे में हुई भारी अनियमितता के संबंध में। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई के नेतृत्व में एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में लेख है कि हरदा जिले में अधिक वर्षा होने के कारण किसानों की सभी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई है, लेकिन अभी तक किसानों को सरकार की तरफ से कोई राहत राशि एवं बीमा लाभ नहीं मिला है। हरदा जिले में विगत तीन-चार वर्षों अधिक बारिश एवं प्राकृतिक आपदा से किसानों की फसलें खराब हो गई थी. इससे किसान आर्थिक तंगी से परेशान हैं, किसानों को आगामी रबी सीजन की बोनी करने के लाले पड़ रहे हैं, इस वर्ष खरीफ फसल का जो सर्वे जिला प्रशासन ने कराया है, उसमें हंडिया तहसील को पटवारी ने गिरदावरी में रिक्त लिख दिया है, जिससे किसानों को न तो राहत राशि मिलेगी और ना ही बीमा लाभ। ये पटवारी की घोर लापरवाही है। पटवारी ने बगैर पंचनामा बनाए, किसानों से बगैर सूचना के ये काम किया है। इसका



खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ेगा। जिला कांग्रेस आपसे मांग करती है तत्काल गिरदावरी में सुधार किया जाए, ताकि किसानों को राहत राशि बीमा लाभ दिया जा सके। वहीं जिला प्रशासन ने केवल सोयाबीन का ही सर्वे किया है, अन्य फसलें जैसे मक्का, ज्वार, अरहर जैसी फसलें छोड़ दी हैं, हमारी मांग है, सभी फसलों का सर्वे कर सभी किसानों को राहत राशि व बीमा लाभ दिया जाए, ताकि किसान अपने आप को ठगा महसूस ना करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष मोहन सांई के साथ , विजय सुरमा , किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री उमाशंकर विश्नोई , प्रेरक सारण उपस्थित थे ।

## अवैध शराब जप्त कर 7 प्रकरण बनाये

**पिपरिया** पुलिस ने कुचबंदिया मोहल्ला अंबेडकर वार्ड इतवारा बाजार में अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाही कर 7 प्रकरण बनाये। पुलिस अधीक्षक सांईकृष्ण एस थोटा व एडिसन एसपी अभिषेक रंजन व एसडीओपी मोहित कुमार यादव के मार्गदर्शन में टीआई आदित्य सेन की टीम ने प्रातः 7 बजे अम्बेडकर वार्ड में अवैध शराब के विरूद्ध शराब बिक्री,निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु कार्रवाही की जिसमें महुआलाहन 1100 किलो कीमत लगभग 5500 हजार,40 लीटर कच्ची शराब कीमत 4 हजार जप्त की.